ont>

Title: Need for conversion of Aundihar-Jaunpur meter-gauge rail line in Uttar Pradesh into broad-gauge and run a DMU train on this section − Laid.

श्री तूफानी सरोज (सैदपुर) : सभापति महोदय, मेरे संसदीय चुनवा क्षेत्र सैदपुर (जनपद गाजीपुर, उत्तर प्रदेश) के अंतर्गत औड़िहार से जौनपुर मीटरगेज रेल लाईन को ब्राड गेज में परिवर्तित करने मांग कई वाेंं से चली आ रही है। मेरे पूर्ववर्ती सांसदों ने भी जनता की समस्या को देखते हुए इस आमान परिवर्तन की तरफ सरकार का ध्यान आकृट कराया था। मैंने लिखित आवेदन करके रेल मंत्री का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर दिलाया। मैंने याचिका समिति के समक्ष पेटीशन दाखिल किया। याचिका समिति एक वा पूर्व इस निर्का पर पहुंची कि इस रेल लाइन का आमान परिवर्तन किया जाना अति आवश्यक है। समिति की बैठक में रेलवे बोर्ड के अधिकारियों ने यह आश्वासन दिया था कि प्लानिंग कमीशन से सर्वे कराकर इस दिशा में अविलम्ब कार्य किया जायेगा। रेलवे बोर्ड ने जनता की समस्या के निवारण हेतु डी.एम.यू. रेल, अक्टूबर महीने से चलाने का आश्वासन दिया था, पर तीन महीना बीतने को आया है, अभी तक डी.एम.यू. रेल चालू करने के बारे में कोई कार्यवाही नहीं की गयी है।

अतः सरकार से हमारी मांग है कि जनता की कठिनाइयों को देखते हुए वह औड़िहार-जौनपुर के बीच तत्काल प्रभाव से डी.एम.यू रेल चलाने तथा इस रेल लाइन को ब्राड गेज में बदलने के लिए रेल विभाग को कदम उठाने का निर्देश दें।